# आकाशवाणी शिमला
## 16.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

### मुख्य समाचार

- लोकसभा और विधासभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने से जुड़े तीन महत्वपूर्ण विधेयक संसद में पेश।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को बताया लोकतंत्र के लिए लाभकारी–महिलाओं की भागीदारी पर दिया जोर ।
- प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में संगठन की मजबूती व पंचायत चुनाव को लेकर हुआ मंथन–मुख्यमंत्री ने कहा–पार्टी सिंबल पर नहीं होंगे पंचायत चुनाव।
- पदमश्री डॉक्टर ओमेश भारती को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पर्यवेक्षी समिति का सदस्य किया गया नामित।
- राज्य सरकार ने यौन उत्पीड़न व छात्राओं से छेड़छाड़ के मामलों में तीन शिक्षकों की सेवाओं को किया समाप्त।

### पीएम नारी शक्ति

लोकसभा में आज महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने से जुड़े तीन महत्वपूर्ण विधेयक विचार और पारित करने के लिए पेश किए गए। इन तीन विधेयकों में संविधान 131वां संशोधन विधेयक–2026, परिसीमन विधेयक–2026 और केंद्रशासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक–2026 शामिल हैं। इन विधेयकों का उददेश्य लोकसभा और राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण को लागू करना है। लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संवैधानिक संशोधन से संबंधित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश की पचास प्रतिशत आबादी को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने विपक्षी दलों से इस ऐतिहासिक विधेयक को राजनीतिक रंग न देने की अपील की। ––बाईट–प्रधानमंत्री– –22'' प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विधेयक देश की दिशा और भविष्य तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह सभी के लिए और देश के लोकतंत्र के लिए लाभकारी होगा।

### पीएम नारी शक्ति–2

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक विकसित भारत केवल बुनियादी ढांचे, रेलवे या आर्थिक संकेतकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें महिलाओं की समान भागीदारी भी आवश्यक है। ––बाईट–प्रधानमंत्री–ऑन विकसित भारत–28''

### बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि देश की सत्ता और राजनीति में महिलाओं की भागीदारी आने वाले समय में और सशक्त होगी, जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम अहम भूमिका निभाएगा। आज धर्मशाला में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं को निर्णय लेने की मुख्यधारा में लाने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। बिंदल ने कहा कि पहले इस दिशा में अपेक्षित प्रयास नहीं हुए, लेकिन अब महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है।

**कांग्रेस बैठक**

प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के गठन के बाद प्रदेश कार्यसमिति की पहली बैठक आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती और सरकार के साथ बेहतर तालमेल और आगामी पंचायत चुनाव को लेकर जमीनी स्तर पर संगठन की मजबूती को लेकर रणनीति पर विचार विमर्श किया किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल विशेष रूप से मौजूद रही। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, ने कहा कि सरकार व संगठन के बीच पूरा समन्वय है और पंचायत चुनाव पार्टी सिंबल नहीं होने है ऐसे में कांग्रेस किसी भी कार्यकर्ता को चुनाव लड़ने से नहीं रोकेगी।

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने कहा कि हिमाचल कांग्रेस में 'एक व्यक्ति–एक पद' के सिद्धांत को सख्ती से लागू किया जाएगा।

बैठक में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मंत्री और अन्य पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए।

**ओमेश भारती**

पदमश्री से सम्मानित और रेबीज के अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ डॉक्टर ओमेश भारती को विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यू एच ओ ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें डब्ल्यू एच ओ के मलेरिया और उपेक्षित ऊष्ण कटीबंधीय रोग विभाग की पर्यवेक्षी समिति का सदस्य नामित किया गया है। ये 18 सदस्य समिति विभाग के कार्यक्रमों के मध्यअवधि मूल्यांकन का कार्य करेगी। डॉक्टर भारती को इसमें उपेक्षित पशुजन्य रोगों के स्वतंत्र विशेषज्ञ के रूप में शामिल किया गया है। डॉक्टर भारती पहले से ही रेबीज और सर्पदंश पर डब्ल्यू एच ओ के विशेषज्ञ पैनल व राष्ट्रीय कार्यबल के सदस्य हैं। वर्तमान में डॉक्टर भारती राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के उप निदेशक का कार्यभार देख रहे हैं और सर्पदंश पर विस्तृत शोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डब्ल्यू एच ओ की समिति में भारत की भागीदारी से एन टी डी रोडमैप से जुड़े फैसलों में देश की भूमिका और मजबूत होगी।

**कार्रवाई**

राज्य सरकार ने यौन उत्पीड़न व छात्राओं से छेड़छाड़ के तीन अलग–अलग मामलों में तीन शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई की है। शिक्षा सचिव राकेश कंवर द्वारा जारी आदेशों द्वारा जारी आदेशों के तहत सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन में कैमिस्ट्री के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर अनिल कुमार और जवाहर लाल नेहरू राजकीय कॉलेज ऑफ फाईन आट्र्स शिमला में असिस्टेंट प्रोफेसर पवन कुमार और राजकीय महाविद्यालय तीस्सा के गणित विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर वीरेन्द्र शर्मा को यौन उत्पीड़न के अलग अलग मामलों में तुरंत नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश इलाकों में आज तेज धूप निकलने से तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। ऊना में आज अधिकतम तापमान 34 डिग्री सैल्सियस जबकि मंडी व कांगड़ा में 32 और शिमला में 24 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हालांकि मौसम विज्ञान केंद्र ने आज रात से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक शोभित कटयार ने बताया कि 17 से 19 अप्रैल तक कुल्लू, कांगड़ा, मंडी और चंबा जिलों की ऊंची चोटियों पर हिमपात व ओलावृष्टि जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश की संभावना है।

**राकेश जमवाल**

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व, संगठन और सरकार तीनों के बीच तालमेल पूरी तरह शून्य है। उन्होंने शिमला में कहा कि वरिष्ठ नेताओं के बीच बढ़ती खींचतान अब सार्वजनिक रूप से सामने आ रही है। राकेश जमवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार की नीतियों से लोग निराश है और मंहगाई, बेरोजगारी व विकास कार्यों की धीमी गति से जनता ठगा महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज चुनाव को लेकर भाजपा पूरी तरह संगठित व सक्रिय रूप से भाग लेगी।

**सुरेश कश्यप**

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि राज्य सरकार की लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण पिंजौर– बद्दी–नालागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार समय पर भूमि उपलब्ध करवाने में विफल रही जिससे परियोजना की प्रगति रूक गई और ठेकेदार को काम छोड़ना पड़ा। सुरेश कश्यप ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार की प्रशासनिक विफलता का खामियाजा प्रदेश की जनता और उद्योग जगत को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास कर रही है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- लोकसभा और विधासभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने से जुड़े तीन महत्वपूर्ण विधेयक संसद में पेश।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को बताया लोकतंत्र के लिए लाभकारी–महिलाओं की भागीदारी पर दिया जोर ।
- प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में संगठन की मजबूती व पंचायत चुनाव को लेकर हुआ मंथन–मुख्यमंत्री ने कहा–पार्टी सिंबल पर नहीं होंगे पंचायत चुनाव।
- पदमश्री डॉक्टर ओमेश भारती को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पर्यवेक्षी समिति का सदस्य किया गया नामित।
- राज्य सरकार ने यौन उत्पीड़न व छात्राओं से छेड़छाड़ के मामलों में तीन शिक्षकों की सेवाओं को किया समाप्त।